

कपल ने ट्वीट कर दी जानकारी

# विराट और अनुष्का के घर आने वाला है नया मेहमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के ट्वीट ने उनके फैंस को एक बड़ी खुशखबरी दी है। विराट ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने लिखा है, तब हम तीन होंगे। आने वाला है जनवरी 2021 में। विराट के इस ट्वीट से साफ हो गया है कि अभिनेत्री अनुष्का और विराट के घर जल्द ही नया मेहमान आने वाला है। कोहली ने इसकी तारीख भी बता दी है। इसके मुताबिक जनवरी में इस सेलिब्रटी कपल के घर नया मेहमान आएगा। काम की बात करें तो विराट अगले महीने से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए यूएई में हैं। विराट रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान हैं और 19 सितंबर से शुरू हो रहे 13वें सीजन के लिए टीम के साथ यूएई में हैं। कोहली ने हाल ही में मयंक अग्रवाल के साथ एक इंटरव्यू में कहा था, मुझे जीवन का एक नया नजरिया दिखाने का पूरा श्रेय मैं अनुष्का को देता हूं। मैं शुक्रगुजार हूं कि वह मेरी जीवनसाथी है क्योंकि आप एक–दूसरे से काफी कुछ सीखते हैं। मैं पहले बहुत अकेला रहना पसंद करता था। जीवन में व्यावहारिक नहीं था। लेकिन फिर आप देखते हैं कि आपके जीवनसाथी का जिंदगी के लिए कुछ अलग ही नजरिया है, तो आप पर भी उसका सकारात्मक असर पड़ता है।

इस खबर के सामने आते ही ट्विटर पर दोनों को ढेरों बधाई संदेश मिल रहे हैं। अनुष्का और विराट की शादी 11 नवंबर 2017 में हुई थी। इससे पहले दोनों ने कई साल तक एक–दूसरे को डेट किया।

# साक्षी का आइडिया था धोनी के गाने को हेलिकॉप्टर 7 नाम देना

## साक्षी ने गाने को तैयार करने में अहम भूमिका निभाईः ब्रावो

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और चेन्नै सुपर किंग्स के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने खुलासा किया है कि महेंद्र सिंह धोनी को समर्पित उनके गाने का नाम हेलिकॉप्टर 7 क्यों था। ब्रावो ने कहा कि यह धोनी की पत्नी साक्षी का आइडिया था, जिन्होंने इस गाने को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। बुधवार को टी20 क्रिकेट में 500 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बनने वाले ब्रावो ने महेंद्र सिंह धोनी के 39वें जन्मदिन पर एक गाना बनाया था।

ब्रावो ने एक समाचार चैनल को कहा, इस गाने को लेकर उन्हें धोनी और साक्षी से बहुत अच्छा रेस्पॉन्स मिला। गाने में डाली गईं कुछ चीजों में साक्षी ने अहम भूमिका निभाई। उदाहरण के लिए गाने को हेलिकॉप्टर नाम देने के पीछे साक्षी का ही आइडिया था। मैं गीत को



नंबर 7 नाम देना चाहता था। मैंने उनके कुछ फैंस से भी पूछा कि आखिर उन्हें क्या चाहिए और जो एक चीज निकलकर आई वह हेलिकॉप्टर थी। जिस तरह सब पूरा हुआ वह वाकई बहुत अच्छा है। ब्रावो को संगीत काफी पसंद है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने को धोनी के रिटायरमेंट से पहले रिलीज करना चाहते थे। उन्होंने कहा, मैं काफी गंभीरता से संगीत से जुड़ा हूं। मैंने अपनी म्यूजिकल टीम से कहा कि मैं धोनी के लिए एक गाना करना चाहता हूं और मैं यह गीत उनके रिटायर होने से पहले तैयार करना चाहता हूं। मैं इसे फेयरवेल या गम का गीत नहीं बनाना चाहता था। मैं चाहता था कि इस गीत में उनके करियर की उपलब्धियों के बारे में बात की गई हो वह भी तब जब वह खेल रहे हों। कई लोग खिलाड़ियों को उनके रिटायर होने के बाद याद करते हैं। सच कहूं तो मुझे कोई आइडिया नहीं था कि वह रिटायर होने जा रहे हैं। अच्छी बात यह है कि वह अब भी पीली जर्सी में खेलते नजर आएंगे।

ब्रावो ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईपीएल के सात सीजन खेले हैं। उन्होंने कहा कि धोनी ने बतौर क्रिकेटर उनके खेल में सुधार करने में काफी अहम भूमिका निभाई है। धोनी ने 15 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था। इस पर ब्रावो ने कहा, श्मुझे भी बाकी लोगों की तरह सोशल मीडिया से ही धोनी के रिटायर होने की खबर लगी। मेरी और महेंद्र सिंह धोनी के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है लेकिन यह बात शायद उन्होंने अपने करीबी लोगों, शायद अपनी पत्नी, परिवार आदि को ही बताई हो। मैं भी यह खबर सुनकर हैरान रह गया था। ब्रावो और धोनी दोनों चेन्नै सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2020 में खेलते नजर आएंगे। आईपीएल के 13वें सीजन की शुरुआत 19 सितंबर से यूएई में होगी।

# हॉकी इंडिया पर खेल संहिता के उल्लंघन का आरोप, हाई कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने हॉकी इंडिया पर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाने वाली एक याचिका के संबंध में गुरुवार को केंद्र सरकार और इस खेल महासंघ से अपना पक्ष रखने के लिए कहा। याचिका में कहा गया है कि हॉकी इंडिया ने आजीवन सदस्य, आजीवन अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पदों को सृजित करके खेल संहिता का उल्लंघन किया क्योंकि नियमों के तहत इन पदों का सृजन नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने एक पूर्व हॉकी खिलाड़ी की याचिका पर खेल मंत्रालय,



हॉकी इंडिया और उन दो व्यक्तियों के लिये नोटिस जारी किए जिन्हें इस खेल संस्था में आजीवन सदस्य और सीईओ नियुक्त किया गया है। अदालत ने इनसे 28 सितंबर तक अपना पक्ष रखने के लिए कहा है।

भारत की 1975 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य असलम शेर खान ने अपनी याचिका में हॉकी इंडिया के मेमोरेंडम ऑफ असोसिएशन (एमओए) में उन अनुच्छेदों को हटाने की मांग की है जिनके तहत आजीवन सदस्य, आजीवन अध्यक्ष और सीईओ पद सृजित किए गए जिनके पास असीमित कार्यकाल और पूर्ण मतदान अधिकार हैं।

वकील वंशदीप डालमिया के जरिए दायर की गई याचिका में नरिंदर ध्रुव बत्रा की आजीवन सदस्यता और इलेना नोर्मन की सीईओ के रूप में नियुक्ति रद्द करने की मांग भी की गयी है। याचिका में कहा गया है कि एनएसएफ के लिए आदर्श चुनाव दिशानिर्देशों के तहत किसी खास अवधि के लिए सात पदाधिकारियों और पांच अतिरिक्त सदस्यों को ही चुना जा सकता है और हॉकी इंडिया ने जो तीन पद सृजित किये हैं वे इसके अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अमेचर कबड्डी महासंघ में भी आजीवन सदस्य सृजित करने संबंधी इसी तरह के प्रावधानों को उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था।

## नस्लीय अत्याचार के विरोध में वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन से हटीं ओसाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। जापान की उभरती हुई महिला टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका अश्वेत नागरिक जैकब ब्लैक पर पुलिसकर्मी द्वारा की गई बर्बरता के विरोध में वेस्टर्न एंड सादर्न टेनिस ओपन के सेमीफाइनल से हट गई हैं। चौथी सीड ओसाका ने बुधवार को वर्ल्ड नंबर–12 एनेट कोंटावीट को 4–6, 6–2, 7–5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था, जहां गुरुवार को उनका सामना एलिसे मरटेंस से होना था। ओसाका ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हलो, जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं कि मैं कल अपना सेमीफाइनल मैच खेलने वाली थी। एक ऐथलीट होने से पहले, मैं अश्वेत महिला हूं। मुझे लगता है कि मेरे पास अभी बेहद महत्वपूर्ण मामले हैं जिन पर मुझे टेनिस खेलने के बजाय तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मेरे टूर्नामेंट में नहीं खेलने से मुझ पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अगर मैं श्वेत प्रभाव वाले खेल में चर्चा शुरू कर सकती हूं तो यह सही दिशा में उठाया गया कदम होगा।'

## न्यूज डायरी



### सुनील गावसकर ने कपिल देव को कहा कम्प्लीट क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सुनील गावसकर ने कपिल देव को भारत का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर कहा है। गावसकर ने कहा है कि उन्हें इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि कपिल देव भारत के ऑल टाइम बेस्ट क्रिकेटर हैं। गावसकर ने कपिल को कम्प्लीट क्रिकेटर कहा है। गावसकर ने कहा है कि 1983 के विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव हमेशा भारत के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर रहे हैं। गावसकर ने कहा, सबसे ऊपर कपिल देव होंगे मेरे लिए वह सर्वश्रेष्ठ हैं। सबसे आगे कपिल देव होंगे। गावसकर के शब्दों में कपिल खेल के हर आयाम पर अपना असर रखते थे। गावसकर ने बातचीत में कहा, कपिल देव देश के लिए बल्ले और गेंद दोनों से मैच जीत सकते थे। उन्होंने कहा, वह गेंद और बल्ले दोनों से मैच जीत सकते थे। वह विकेट लेकर आपको मैच जितवा सकते थे।

### डॉन ब्रैडमैन के रेकॉर्ड जो बल्लेबाजों के लिए बने रहे सपना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जब सर डॉन ब्रैडमैन की बात आती है तो सभी के जेहन में उनका 99.94 का टेस्ट औसत तैरने लग जाता है लेकिन इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के नाम पर कई अन्य ऐसे टेस्ट रिकार्ड हैं जो पिछले सात दशक से भी अधिक समय से अछूते बने हुए हैं। ब्रैडमैन का जन्म आज से ठीक 112 साल पहले 27 अगस्त 1908 को न्यू साउथ वेल्स के कूटामुंद्रा में हुआ था। उन्होंने 52 टेस्ट मैचों में 6996 रन बनाए और अगर वह अपनी करियर की अंतिम पारी में शून्य पर आउट होने के बजाय चार रन भी बना लेते तो उनका औसत 100 पहुंच जाता। बहरहाल ब्रैडमैन का औसत दुनिया भर के बल्लेबाजों के लिए सपना ही बना रहा है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो कम से कम 20 पारियां खेलने वाले बल्लेबाजों में सर्वाधिक औसत के मामले में ब्रैडमैन के बाद ऑस्ट्रेलिया के ही मार्कस लाबुशेन का नंबर आता है जिनका औसत अभी 63.43 की औसत से रन बनाए हैं। लाबुशेन अभी खेल रहे हैं और उनके औसत में परिवर्तन हो सकता है।

### मुझे नहीं लगता कि फिर से टेस्ट क्रिकेट खेल पाऊंगाः फिंच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डर्बी। ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच ने स्वीकार किया कि उनका टेस्ट करियर खत्म हो गया है और उनका फिर से लंबी अवधि के प्रारूप में खेलना वास्तविकता से परे लगता है। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए इंग्लैंड दौरे पर है। फिंच ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में एक जगह के लिए अपना दावा करने के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्याप्त मैच नहीं खेल रहे हैं। फिंच ने कहा कि भारत में 2023 में होने वाला वनडे विश्व कप उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार फिंच ने कहा, 'जहां तक लाल गेंद वाली क्रिकेट का सवाल है तो मेरा फिर से टेस्ट क्रिकेट में खेलना वास्तविकता नहीं लगता है।' उन्होंने कहा, 'मैं दो बातों को ध्यान में रखकर ऐसा कह रहा हूं।

### पारुपल्ली कश्यप को नहीं मिली ओलिंपिक संभावितों में जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लंदन ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट शटलर साइना नेहवाल स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और बैडमिंटन असोसिएशन से नाखुश हैं। इसका कारण है कि उनके पति और पुरुष एकल विशेषज्ञ पारुपल्ली कश्यप का नाम तोक्यो ओलिंपिक संभावितों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। इन संभावितों को हैदराबाद में पुलेला गोपीचंद नैशनल अकैडमी में फिर से ट्रेनिंग शुरू करने की अनुमति दी गई है। साइना 7 अगस्त से शुरू हुए इस कैंप में शामिल नहीं हुई हैं, इसके बजाय वह कश्यप के साथ गोपीचंद अकैडमी के पास एक अलग बैडमिंटन फैसिलिटी में ट्रेनिंग ले रही हैं। 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन कश्यप के अलावा कुछ अन्य राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी साइना के साथ ट्रेनिंग में शामिल हैं।